## एक नजर में

### आज बंद रहेगी कृषि मंडी

**नवभारत न्यूज, .ब्यावरा 18 नवम्बर, का.** आज बुधवार को अमावस्या होने के कारण स्थानीय कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा. मंडी प्रबंधन द्वारा किसान बंधुओं से आज अपनी उपज विक्रय के लिए मंडी में नहीं लाने का आग्रह किया गया है.

### जन अभियान परिषद की सेक्टर बैठक संपन्न

**पड़ाना 18 नवंबर, सं.** मंगलवार पाटड़िया डाबी में अभियान परिषद सेक्टर स्तरीय की बैठक आयोजित की गई. बैठक में पर्यावरण संरक्षण जैसे पौधारोपण कार्यक्रम नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान और जल संरक्षण के लिए जल संचयन और वर्षा जल संचयन की व्यवस्था करना इत्यादि कार्य करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया. जो समाज और पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है. इस मौके पर जिला समन्वय प्रवीण पवार, ब्लॉक समन्वय बद्री प्रसाद, सेक्टर प्रभारी लोकेश,जोजन सिंह,नारायण सिंह,विजय बना, अर्जुन सिंह,विष्णु,आनंद, रामदयाल,तेज प्रताप,सूरज सेन, अंबाराम बैरागी, इत्यादि उपस्थित रहे.

### पड़ाना संकुल के 314 विद्यार्थियों ने दी ओलंपियाड परीक्षा

**पड़ाना 18 नवंबर, सं.** मंगलवार पड़ाना संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले कक्षा प्राइमरी से मिडिल स्कूलों के विद्यार्थियों ने नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पडाना में इंग्लिश ओलिंपियाड की परीक्षा आयोजित की गई. जिसमें संकुल केंद्र के 20 विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया परीक्षा में कुल 333 छात्र-छात्राओं में से 314 छात्र छात्राओं उपस्थित रहे. इस मौके पर परीक्षा केंद्र अध्यक्ष शिवनारायण वर्मा, सहायक केंद्र अध्यक्ष जुनैद अंसारी, जन शिक्षक लालू राम मालवीय, महेश कुमार मंडलोई, नोडल सह समन्वयक कालूराम मालवीय, श्रीमती डिंपल सोनी, पर्वत सिंह लववंशी, श्रीमती संगीता यादव, मानसिंह जाटव, मानसिंह पाटीदार, शंकर लाल भिलाला सहित संकुल केंद्र के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे वहीं शासन नियमानुसार उपस्थित विद्यार्थियों को विशेष भोजन कराया गया.

### दिशा बोध शिविर में पुलिस थाने की यात्रा करवाई

**सुठालिया 18 नवंबर, सं.** शिशु मंदिर में दिशा बोध शिविर कार्यक्रम के तहत हाई स्कूल के भैया बहनों को पुलिस थाने की यात्रा करवाई. यात्रा के दौरान भैया बहनों ने पुलिस थाने में जाकर वहां के क्रियाकलापों का निरीक्षण किया. प्रधान आरक्षक दीपकला सोनी,प्रधान आरक्षक रामगोपाल दांगी, भानुप्रताप सिंह आदि पुलिस कर्मियों ने सभी भैया बहनों को थाने में होने वाली गतिविधियों से अवगत करवाया. गतिविधियों में मुख्य रूप से रिपोर्ट लिखना,कैदियों को रखने का हवालत, वायरलेस,शस्त्रागार,हथकड़ियां, आंसु गैस गोला,उपद्रव के समय पहनी जाने वाली सुरक्षा जैकिट एवं विभिन्न नंबरों जैसे 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन,1090 महिला हेल्प लाइन, बाल मित्र आदि के बारे में विस्तार से सभी भैया बहिनों को समझाया. सर्वक्षक के लिए आचार्य राम लाल लोधी,भगत सिंह राठौड़,राधिका दीदी मौजूद रही.

# महज 20 प्रतिशत रह गया धनिए का रकबा

## साल दर साल कम हो रही धनिए की बोवनी, 15 हजार हेक्टेयर पर दबदबा रखने वाला धनिया 25 सौ हेक्टेयर में सिमटा

**रबी सीजन की 40 प्रतिशत खेतों में होती थी धनिया की बोवनी**

**एक दशक पूर्व 15 हजार हेक्टर में होता था धनिया का रकबा इस बार 2200 हेक्टर**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 18 नवम्बर, का. लगभग एक दशक पूर्व तक रबि सीजन में धनिया उपज का रकबा ब्यावरा विकासखंड में 15 हजार हैक्टर से अधिक में हुआ करता था, मंडी में धनिया की आवक के दौरान समूचे वातावरण में धनिया की महक होती थी. किंतु प्राकृतिक विपदा सहित अन्य व्यवहारिक दिक्कतों के कारण धनिया को होने वाले नुकसान को देखते हुए इसका रकबा दिनों दिन घटने लगा. आज हालात यह है कि हजारों हैक्टर में जिस धनिया की पैदावार होती थी अब उसका रकबा नाममात्र सैकड़ो हैक्टर में सिमटकर रह गया है.**

वर्ष 2024-25 में धनिया का रकबा 3200 हैक्टर में था जो इस इस बार अनुमानित तौर पर लगभग 2500 हैक्टर तक ही पहुंच पाएगा. जानकारों के अनुसार दस वर्ष पूर्व तक ब्यावरा विकासखंड में धनिया का रकबा 15 हजार हैक्टर से अधिक हुआ करता था. लेकिन साल दर साल

### मंगलवार को भी प्रदेश में सबसे ठंडा रहा जिला, न्यूनतम तापमान 5 .8 डिग्री पर रहा

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 18 नवम्बर, का.** सोमवार को राजगढ़ जिले का न्यूनतम तापमान रिकार्ड 5 डिग्री पर जा पहुंचा जो कि प्रदेश का सबसे कम तापमान वाला जिला रहा. मंगलवार को दूसरे दिन भी राजगढ़ जिला प्रदेश के सबसे कम तापमान वाला जिला रहा. मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5 .8 डिग्री रहा. उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सबसे कम तापमान वाले जिलो में राजगढ़ जिला बीते दो दिन से पहले नम्बर पर है. रविवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री पर रहा जो सोमवार एक डिग्री और गिरते हुए 5 डिग्री पर जा पहुंचा जो कि प्रदेश के सबसे कम तापमान वाले पांच जिलो में सबसे कम तापमान था. मंगलवार को भी राजगढ़ जिला प्रदेश में कम तापमान वाले जिलो में पहले नम्बर पर रहा. मंगलवार को प्रदेश के पांच जिले जिनमें सबसे कम तापमान रहा उनमें राजगढ़ में 5 .8 डिग्री, दूसरे नम्बर पर शहडोल जिला का कल्याणपुर एवं शाजापुर जिले का गिरवर रहा जहां तापमान 6 .2 डिग्री रहा. तीसरे स्थान पर नर्मदापुरम का पचमढ़ी रहा जहां तापमान 6 .4 तथा चौथे स्थान पर सीहोर में तापमान 7 .5 एवं पांचवें स्थान पर उमरिया रहा जहां न्यूनतम तापमान 7 .6 डिग्री रहा.

#### कोहरे, शीतलहर से झुलस जाता है धनिया

विगत वर्षो में कई बार शीत लहर चलने, घने कोहरे के कारण धनिया फसल झुलसने से काफी नुकसान पहुंचा है. इस तरह प्राकृतिक प्रकोप धनिया पर कहर बनकर बरपा है.

### क्लब ग्राउण्ड में लगाना पड़ती थी मंडी

क्षेत्र में धनिया की पैदावार कितनी अधिक होती थी इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब फसल कटाई के बाद धनिया स्थानीय कृषि मंडी में विक्रय के लिए लाया जाता था तो बम्पर आवक के चलते मंडी में जगह कम पड़ने पर समीप क्लब ग्राउण्ड के मैदान पर मंडी वाहनों को लगाकर मंडी करना पड़ती थी. अत्यधिक आवक के कारण दो-दो दिन तक इंतजार करना पड़ता था.

### सरसों का रकबा बढ़ा

धनिया फसल का रकबा घटने पर इसकी जगह गेहूं, सरसों की बोवनी की जाने लगी. इस बार सरसों का रकबा बढ़ने के आसार है. एक और कारण यह भी देखा जा रहा है कि एक-डेढ़ दशक पूर्व तक पानी की कमी के चलते गेहूं फसल का रकबा कम होकर धनिया का रकबा अधिक था. अब डेम निर्माण के चलते पानी की उपलब्धता को देखते हुए गेहूं का रकबा बढ़ा है. जबकि काफी नाजुक मानी जाने वाली धनिया फसल से दूरी बनाते हुए इसकी जगह गेहूं, सरसों का रकबा बढ़ने लगा.



# हमले के विरोध में करणी सेना सड़क पर उतरी

## मामला सोमवार को मण्डी रोड पर मारपीट का

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 18 नवंबर, सं.** खिलचीपुर में सोमवार शाम को सड़क विवाद के बाद हुए हमले के विरोध में करणी सेना और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे थाने के सामने सड़क पर बैठ गए. प्रदर्शनकारी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे और लगभग आधे घंटे तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही. इस दौरान करणी सेना के संभाग सहयोजक जितेंद्र सिंह खिंची, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष करण सिंह और भूपेंद्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे. जितेंद्र सिंह खिंची ने कहा कि मामले में केवल धारा 151 में कार्रवाई की गई है जबकि पीड़ितों पर 15-20 लोगों ने हमला किया, इसलिए मामले को कठोर धाराओं में दर्ज किया जाना चाहिए. जिला अध्यक्ष करण सिंह ने मांग की कि पकड़े गए आरोपियों का नगर में जुलूस निकालकर कड़ा संदेश दिया जाए. करीब आधे घंटे तक जाम जारी रहने के बाद, टीआई उमाशंकर मुकाती और तहसीलदार विनीत गोयल मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी नेताओं से चर्चा कर आश्वासन दिया कि बाकी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा.

खिलचीपुर में सोमवार शाम मंडी रोड पर मामूली सड़क विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. देवा खेड़ी निवासी कुलदीप सिंह खिंची और राजपाल ऑल्टो कार से गांव लौट रहे थे, तभी राजस्थान के रटलाई निवासी समीर खान अपनी बाइक से तेज रफ्तार में कार से टकरा गया और कार का साइड ग्लास टूट गया. कुलदीप ने नुकसान की बात कही तो समीर और उसके साथियों मोइन खान व भुरू उर्फ मासूक से कहासुनी हो गई. इसके बाद समीर ने फोन कर 10-15 साथी बुला लिए और भीड़ ने कुलदीप व राजपाल को घेरकर लात-घूंसे से पीटना शुरू कर दिया. बचाने आए ललित विश्वकर्मा को भी चोटें आई.

# पशुधन का क्लेम नहीं दिया, बीमा कंपनी पर होगी एफआईआर

## संवाद से समाधान में कलेक्टर ने दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 18 नवम्बर, का.** जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरू की गई है. यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई से पूर्व आयोजित किया जाता है. इसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और शिकायतकर्ता आमने-सामने बैठकर शिकायतों का समाधान करते हैं. इस सप्ताह पशु पालन एवं डेयरी विभाग से संबंधित 5 शिकायतों की समीक्षा की गई है. मंगलवार को आयोजित संवाद से समाधान कार्यक्रम में शिकायतकर्ता श्री दरियाव सिंह द्वारा बताया गया कि मेरी भैंस की मृत्यु हो गई है. आवेदक द्वारा बीमा कंपनी से भैंस का बीमा कराया था. बीमा कंपनी द्वारा आज तक भी मुझे भैंस की मृत्यु की क्लेम राशि नहीं दी गई है. इसी प्रकार शिकायतकर्ता ठाकुर लाल द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा पिछले साल पशु बीमा करवाया था. मेरे पशु की मृत्यु होने पर मेरे द्वारा बीमा कंपनी को क्लेम के लिए सभी प्रकार की डाक्यूमेंट दिए गए थे लेकिन आज तक कोई भी बीमा राशि नहीं मिली. शिकायतकर्ता रूपसिंह, गंगाराम तंवर द्वारा भी इसी प्रकार की शिकायतें की गई थी. बीमा कंपनी द्वारा पशुओं के बीमा करवाने के बावजूद भी पशु पालकों को क्लेम राशि नहीं दी जा रही है साथ ही पशु पालकों को क्लेम के लिए परेशान किया जा रहा है. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शिकायतों की गंभीरता व बीमा कंपनी की लापरवाही को देखते हुए सख्त निर्देश दिए कि एग्रीकल्चर इंश्रेरेन्स कंपनी जिसने पशुपालको के पशुओं का बीमा किया था उस पर एफआईआर दर्ज कराई जाए.

### नहीं मिला फसल का मुआवजा

**राजगढ़ 18 नवम्बर, का.** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम बुडनपुर निवासी कमला बाई ने बताया कि आवेदिका को मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है. आवेदिका की फसल खराब होने से आर्थिक हानि का सामना करना पड़ा है. जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है. कलेक्टर द्वारा तहसीलदार सारंगपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

### नहीं मिला आवास, नहीं मिली पेंशन

**राजगढ़ 18 नवम्बर, का.** ब्यावरा निवासी हीराबाई ने बताया कि आवेदिका की उम्र 60 वर्ष हो गई है, आंखों से दिखाई भी कम दे रहा है. आवेदिका भरण पोषण करने एवं मजदूरी करने में असमर्थ है. ग्राम मोहनपुरा निवासी जडावबाई ने बताया कि प्रार्थी दोनों पैरों से विकलांग है. साथ ही आवेदिका को वृद्ध पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है. ब्यावरा निवासी कांताबाई ने बताया कि आवेदिका के पास आवास नहीं है. आवेदिका को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है. कलेक्टर द्वारा कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

# अवैध खनन कर रहीं 2 जेसीबी मशीनों को जब्त किया



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 18 नवंबर, सं.** गत दिवस रविवार 16 नवंबर की शाम 04 बजे सूचना मिलने पर ग्राम कानरखेड़ी तहसील सुठालिया स्थित सेमलापार रोड पार्वती नदी पुल के पास दो जेसीबी मशीनों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी का खनन करते हुए पकड़ा है. राजस्व विभाग, सुठालिया पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई. मौके पर एक जेसीबी क्रमांक एमपी 37 जेडसी 7034 और एक बिना नंबर की जेसीबी (इंजन नंबर ॥00482921) द्वारा सर्वे नंबर 3/3 एवं 3/2/1 में अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया. दोनों जेसीबी के चालकों को मौके पर ही पकड़ा गया. पूछताछ में चालक इंदर सिंह पिता मेहताब सिंह लोधा निवासी तलबाड़ा महाराजा थाना मलावर और सोनू पिता पूनमचंद लोधा निवासी तलबाड़ा महाराजा थाना मलावर ने पूछताछ में स्वीकार किया गया कि सोनू पिता मंगूपुरी निवासी ग्राम कानरखेड़ी थाना मलावर के निर्देश पर अवैध मिट्टी खनन कराया जा रहा था. संयुक्त टीम द्वारा दोनों जेसीबी मशीनों को जप्त कर विधिवत पंचनामा तैयार किया गया एवं मशीनों को थाना सुठालिया परिसर में सुरक्षित रखा गया. कार्रवाई में थाना प्रभारी सुठालिया उनि प्रवीण जाट सहित सउनि दुर्गाप्रसाद शर्मा, श्याम शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, देशराज, हरनाम सिंह, विनोद, सोनू अहिरवार, नीरज भार्गव शामिल रहे.

# एसआईआर : लापरवाही पर दो बीएलओ निलंबित

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 18 नवम्बर, का.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान बीएलओ के द्वारा अभी तक कुल 4 फार्म ऑनलाईन रिसीव किए गए हैं. उक्त स्थिति को ऑनलाईन देखी जाकर हल्का पटवारी को मौके पर भेजा गया, तो बीएलओ द्वारा हल्का पटवारी को भ्रामक जानकारी दी गई. मांगीलाल राठौर प्राथमिक शिक्षक कन्या प्राथमिक विद्यालय खुजनेर के द्वारा गहन पुनरीक्षण के कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाना प्रस्तावित किया है.

### धनवासकला के बीएलओ निलम्बित

**राजगढ़ 18 नवम्बर, का.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 162 के मतदान केन्द्र क्रमांक 114 धनवासकला में बीएलओ सहायक के रूप में श्री कमलेश बैरागी माध्यमिक शिक्षक माध्यमिक विद्यालय धनवासकला को नियुक्त किया गया था. श्री बैरागी बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर चले गये, जो कि गहन पुनरीक्षण के कार्य में लापरवाही, उदासीनता एवं आदेश की अवहेलना करने के कारण अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित किया है. माध्यमिक शिक्षक माध्यमिक विद्यालय धनवासकला श्री कमलेश बैरागी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है. निलम्बन अवधि में श्री राठौर का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजगढ़ नियत किया जाता है.

### जिपं सीईओ ने खरीदे दिव्यांगों से पेपर बैग उत्पाद

**राजगढ़ 18 नवम्बर, का.** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ( आरसेटी) एवं आजीविका मिशन द्वारा आयोजित दिव्यांगजनों के लिए पेपर बैग, फाईल, लिफाफे और फोल्डर निर्माण के नि :शुल्क प्रशिक्षण का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ. यह प्रशिक्षण 08 से 18 नवम्बर तक चला. जिसमें कुल 28 दिव्यांग प्रशिक्षणार्थियों ने कौशल अर्जित किया.


!! तीसवां पुण्य स्मरण !!



स्व. श्री सुभाषचंद्र जी शर्मा

जन्म: 08 जनवरी 1942 महाप्रयाण: 19 नवंबर 1995

आपके आदर्श हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं
आपका आर्शीवाद सदैव बना रहे

श्रद्धानवत

श्रीमती भगवतीदेवी शर्मा, सुनील शर्मा, मनीष चोटी, दीपेश, चिन्मय
सहज, प्रसून, साक्षी, सलोनी, अनन्या, ब्योमी एवं
समस्त शर्मा परिवार ब्यावरा-राजगढ़ म.प्र


**प्रशिक्षण** ▶ जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आशा भवन कांग्रेस कार्यालय में बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण शिविर

# जिला इंकाध्यक्ष ने कहा भाजपा के वोट कम करने बीएलए प्रशिक्षण



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 18 नवंबर, सं.** मंगलवार दोपहर में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आशा भवन स्थित अपने ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण शिविर जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण भारतीय जनता पार्टी द्वारा वोट कम करने के कथित अभियान का मुकाबला करने के लिए दिया गया है.कांग्रेस ने सभी वार्डों और ग्रामों में बूथ स्तरीय एजेंट्स तैयार किए हैं. खींची ने आरोप लगाया कि जिला निर्वाचन द्वारा चलाए जा रहे एसआइआर अभियान का उपयोग भाजपा कांग्रेस के वोटों को कम करने के लिए कर रही है. उन्होंने कहा कि इस चुनौती का सामना करने के लिए कांग्रेस ने यह पहल की है। प्रशिक्षण शिविर में मतदाता सूची में नाम जोडने की प्रक्रिया और रणनीति पर विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 2003 से अब तक बूथ नंबर, मतदान केंद्र, विधानसभा और वार्डों की कई बार परिसीमन हो चुका है. इसके अलावा शहरी मतदाताओं ने अपने घर बदल लिए हैं. ऐसे में उन्हें 23 साल पुरानी सूची में अपना नाम ढूंढने में बडी परेशानी हो रही है. सर्वे के दौरान बीएलओ को मृत, स्थायी रूप से विस्थापित और अनुपस्थित मतदाताओं का डाटा एप पर अपलोड करना होता है। लेकिन निर्वाचन विभाग की वेबसाइट और एप धीमे चलने के कारण 2003 वाली मैपिंग करने में काफी समय लग रहा है. वही मजदूरी के लिए एक जगह से दूसरी जगह घूमने वाले लोगों का डेटा भी आसानी से नहीं मिल पा रहा. इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नंदलाल नागर,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, महामंत्री प्रदीप सादानी, जिला युकां अध्यक्ष अमन अरोरा, पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, शफीक अंसारी, रमेंश चंद्र कलमोदिया, मोहन पाल,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डा. हेमेंद्र सोलंकी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, बनवारी मालवीय, सुनील नागर, रामचंद्र नागर, जसंवत सिंह धामंदा, दिनेश पुरी, इम्तियाज लाला, मुस्ताक अंसारी, महेश सोनी, हासिम राही, लखन धनगर, लखन राजपूत, अरबाज मेव, बाबूलाल मालवीय, रामबाबू सेन, राधेश्याम वर्मा, कान्हा अहिरवार आदि उपस्थित थे. कांग्रेस पार्टी ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआइआर) के तहत मंगलवार को सारंगपुर ब्लॉक स्तर पर बीएलए-2 प्रशिक्षण एवं कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया. इस बैठक में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बडी संख्या में भाग लिया और अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया. कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ होती है. प्रभारी प्रज्ञा फिलिप्स ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देते हुए बीएलए 2 की भूमिका को बूथ पर सबसे अहम बताया. उन्होंने कहा कि प्रत्येक संशोधन, विलोपन और नवीन मतदाता पंजीकरण को समय पर और सही तरीके से पूरा करना आवश्यक है.


## जिला शिक्षा केन्द्र, राजगढ़

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**कमांक / ईएण्डआर / 2025/7899. राजगढ, दिनांक 18.11.2025**

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला शिक्षा केन्द्रागग्र शिक्षा अभियान राजगढ द्वारा निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण परिवहन 2026-27 की दरे लेने हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से दरे दिनांक 08.12.2025 तक आंमत्रित की गई है ऑनलाइन निविदा (ई-टेंडरिंग) म.प्र. शासन के www.mptenders.gov.in पर अपलोड की गई है. निविदा से संबंधित शर्तों की जानकारी एवं सूचना प्राप्त करने के लिए कार्यालय दिवसो एवं समय पर संपर्क कर प्राप्त कि जा सकती है. दिनांक ई टेण्डर पर दिनांक 14.11 2025 को प्रकाशित की गई है.

**परियोजना समन्वयक**
**समग्र शिक्षा अभियान जिला राजगढ**